भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 293
गुरूवार, 08 दिसम्बर, 2022/17 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेशी दर्शन 2.0 के तहत प्राप्त प्रस्ताव

293. श्री ए.ए. रहीमः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेशी दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत सरकार को कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और कितने प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या केंद्र सरकार को स्वदेशी दर्शन 2.0 के अंतर्गत केरल राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो क्या केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का निर्णय लिया है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटक और गंतव्य केंद्रित दृष्टिकोण के साथ स्थायी और जिम्मेदार पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में अपनी स्वदेश दर्शन योजना में सुधार किया है । स्वदेश दर्शन 2.0 के दिशानिर्देशानुसार राज्य विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन संबंधी क्षमता का विश्लेषण करते हुए एक राज्य परिप्रेक्ष्य योजना (एसपीपी) तैयार करेंगे और मंत्रालय विकास के लिए राज्य के गंतव्यों का चयन करेगा ।

अब तक, केरल सहित 29 राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों ने मंत्रालय द्वारा उक्त उद्देश्य से तैयार किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी राज्य परिप्रेक्ष्य योजनाएं प्रस्तुत की है । एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए चयनित गंतव्यों की स्थिति की तुलना में राज्यवार सूची जिसके लिए राज्य परिप्रेक्ष्य योजना प्राप्त हुई है, संलग्न है ।

*****

स्वदेशी दर्शन 2.0 के तहत प्राप्त प्रस्ताव के संबंध में दिनांक 08.12.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 293 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत राज्य परिप्रेक्ष्य योजना (एसपीपी) का विवरण

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**स्थिति**
1	आंध्र प्रदेश	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
2	अरुणाचल प्रदेश	एसपीपी प्रस्तुत की
3	असम	एसपीपी प्रस्तुत की
4	बिहार	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
5	गोवा	एसपीपी प्रस्तुत की
6	गुजरात	एसपीपी प्रस्तुत की
7	हरियाणा	एसपीपी प्रस्तुत की, 1 गंतव्य स्वीकृत
8	हिमाचल प्रदेश	एसपीपी प्रस्तुत की
9	कर्नाटक	एसपीपी प्रस्तुत की
10	केरल	एसपीपी प्रस्तुत की
11	मध्य प्रदेश	एसपीपी प्रस्तुत की
12	महाराष्ट्र	एसपीपी प्रस्तुत की
13	मेघालय	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
14	मिजोरम	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
15	नागालैंड	एसपीपी प्रस्तुत की
16	ओडिशा	एसपीपी प्रस्तुत की
17	पंजाब	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
18	राजस्थान	एसपीपी प्रस्तुत की
19	सिक्किम	एसपीपी प्रस्तुत की
20	तमिलनाडु	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
21	तेलंगाना	एसपीपी प्रस्तुत की
22	त्रिपुरा	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
23	उत्तर प्रदेश	एसपीपी प्रस्तुत की
24	उत्तराखंड	एसपीपी प्रस्तुत की
25	चंडीगढ़	एसपीपी प्रस्तुत की, 1 गंतव्य स्वीकृत
26	जम्मू और कश्मीर	एसपीपी प्रस्तुत की
27	पुदुचेरी	एसपीपी प्रस्तुत की, 2 गंतव्य स्वीकृत
28	लद्दाख	एसपीपी प्रस्तुत की
29	लक्षद्वीप	एसपीपी प्रस्तुत की, 1 गंतव्य स्वीकृत

*****